**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**दिनांकः 22.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.**

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया।**
- **लोकसभा में मॉनसून सत्र के दौरान ऑपरेशर सिंदूर पर चर्चा के लिए 16 घंटे आंवटित किए गए हैं।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज केकडी दौरे पर कई विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।**
- **बीसलपुर बांध के गेट खोलकर आज अतिरिक्त पानी की निकासी की जायेगी।**

000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने ये निर्णय लिया है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत कुछ सीखा है। सांसदों से मिले स्नेह और विश्वास को वे हमेशा अपनी स्मृति में संजोए रखेंगे। श्री धनखड ने कहा कि देश के इतिहास के इस बदलाव के युग में सेवा कर के उन्हें सच्चा सम्मान मिला है।

00000

लोकसभा में मॉनसून सत्र के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए 16 घंटे आंवटित किए गए है। संसद की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में ये फैसला किया गया। यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने शुरू किया था। सत्र के पहले दिन कल विपक्षी दलों ने कई मुद्दों को लेकर कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न किया था, इनमें पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग भी शामिल थी।

00000

राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 वर्तमान मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य खेल क्षेत्र को प्रोत्साहन देना है। केन्द्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कल नई दिल्ली में गोठिया स्पेशल ओलंपिक ट्रॉफी 2025 के विजेताओं के सम्मान समारोह में ये बात कही। उन्होंने कहा कि खेलो भारत नीति 2025 पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर से खेलों का विकास करना है। साथ ही देश के हर क्षेत्र से प्रतिभा की पहचान कर उन्हें उत्कृष्टता के अवसर देना सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक के बारे में सुश्री खडसे ने कहा कि सरकार महासंघों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की समस्याएं समाप्त करना चाहती है।

00000

प्रदेश को हरा भरा बनाने के लिए इन दिनों हरियालो राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने यह महाअभियान शुरू किया है। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर बडी संख्या में पौधे लगाये जा रहे है।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज केकडी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कृषि मण्डी प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

0000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालायों में ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए मानदंडों के अनुसार शौचालयों को छोडकर अन्य स्थानों जैसे प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों, खेल के मैदानों और अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएँगे। कैमरों में रीयल–टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम 15 दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा।

0000

पाली शहर को सुंदर बनाने के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इसी कडी में शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक को नया रूप दिया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पार्क में शहीदों के नाम के साथ उनके उल्लेखनीय कामों की जानकारी अंकित की जायेगी।

0000

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से बारिश की गतिविधियां धीमी पड गयी है। मौसम विभाग के अनुसार 27 जुलाई के बाद एक बार फिर पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश का दौर शुरू होगा। इस बीच कल श्रीगंगानगर, राजसमंद, पाली, जयपुर, डूंगरपुर और जालौर में हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं कई स्थानों पर दिनभर बादल छाए रहे, हालांकि अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा। पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश से जयपुर–अजमेर और टोंक जिलों की पेयजल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत बीसलपुर बांध अपनी कुल भराव क्षमता का 94 प्रतिशत तक भर चुका है। कल बांध का जलस्तर 315 दशमलव 23 आरएल मीटर दर्ज किया गया, जबकि इसकी पूर्ण क्षमता 315 दशमलव 50 आरएल मीटर है। बढ़ती जल आवक के कारण आज बांध के गेट खोले जाएंगे। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत इस अवसर पर मौजूद रहेंगे, साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। जुलाई महीने में पहली बार बीसलपुर बांध के गेट खोले जा रहे हैं, जो अब तक केवल अगस्त–सितंबर में ही खोले गए थे। इस बीच बांध की स्थिति को देखते हुए बनास नदी के दोनों किनारों पर बसे 54 गांवों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

.....

उधर कोटा में चंबल नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण कोटा बैराज के दो गेट दो–दो फीट तक खोले गए हैं। इन गेटों से 5 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। वहीं पाली के जवाई बांध में पानी का स्तर 31 दशमलव 5 फीट पंहुच चुका है। हेमावास बांध लगभग पूरा भर गया है।

0000